## प्रेस नोट

## जनपद सोनभद्र

## दिनांक-20.10.2025

### जनपद सोनभद्र पुलिस की बड़ी सफलता-अवैध गांजा तस्करी का भंडाफोड़ — 82 किलो 800 ग्राम अवैध गांजा के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक सोनभद्र श्री अभिषेक वर्मा द्वारा अवैध मादक पदार्थों की बिक्री एवं परिवहन करने वालों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (आपरेशनल) श्री त्रिभुवननाथ त्रिपाठी के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी दुद्धी श्री राजेश कुमार राय के कुशल निर्देशन में थाना म्योरपुर पुलिस एवं SOG टीम सोनभद्र को बड़ी सफलता प्राप्त हुई।

दिनांक 19.10.2025 को समय लगभग 18:10 बजे, थाना म्योरपुर पुलिस टीम द्वारा बभनडीहा जंगल के पास से पिकअप वाहन संख्या UP64CT5294 से सूरन की बोरियों के बीच छिपाकर अवैध गांजा परिवहन करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण –**

01. शुभम उर्फ श्यामू पुत्र राम प्यारे, निवासी मदगड़ी पोस्ट कंजीया थाना भण्डरिया, जिला गढ़वा (झारखंड), उम्र 25 वर्ष
02. राजू कुमार पुत्र बासुदेव, निवासी मदगड़ी पोस्ट कंजीया थाना भण्डरिया, जिला गढ़वा (झारखंड), उम्र 23 वर्ष

इनके कब्जे से 05 बोरियों में कुल 77 पैकेट में 82 किलो 800 ग्राम अवैध गांजा, परिवहन में प्रयुक्त महिन्द्रा पिकअप वाहन संख्या UP64CT5294, 03 मोबाइल फोन एवं ₹1100/- नगद बरामद किया गया।

इस संबंध में थाना म्योरपुर पर मु0अ0सं0 138/25, धारा 8/20/27A/29/60 NDPS Act के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों को आज दिनांक 20.10.2025 को मा. न्यायालय से रिमांड प्राप्त कर जेल भेजा जा रहा है।

**वांछित अभियुक्तगण –**

1.सरिता देवी, पत्नी हंसलाल, निवासी केनवारी पोस्ट महेवा थाना रघुनाथ नगर, जिला बलरामपुर (छत्तीसगढ़)।
2.हंसलाल पुत्र दुल्लर, स्थायी पता वार्ड नं. 07, पंडितपाड़ा सरना, रघुनाथ नगर, बलरामपुर, रामानुजगंज (छत्तीसगढ़); वर्तमान पता – शमशाद खान, अंजानी, दुद्धी, सोनभद्र।

**पूछताछ विवरण –**

गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि वे दोनों उड़ीसा के सोनपुर से सूरन की बोरियों के बीच गांजा लोड कर हनुमना/प्रयागराज की ओर ले जा रहे थे। यह कार्य सरिता देवी व उनके पति हंसलाल के कहने पर किया जाता है। उक्त दम्पति उड़ीसा से गांजा की खरीद-बिक्री एवं परिवहन कराते हैं। अभियुक्तों को प्रति चक्कर ₹10,000/- का भुगतान किया जाता था। पकड़ी गई पिकअप गाड़ी की खरीद गांजा बिक्री से अर्जित धन से की गई थी।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम –**

01. थानाध्यक्ष कमल नयन दूबे, थाना म्योरपुर
02. उ0नि0 राजेश जी चौबे, SOG/सर्विलांस प्रभारी सोनभद्र
03. हे0का0 अतुल कुमार यादव, थाना म्योरपुर
04. हे0का0 प्रदीप कुमार राय, थाना म्योरपुर
05. का0 प्रेमप्रकाश, थाना म्योरपुर
06. का0 सोनू भारती, थाना म्योरपुर
07. का0 रामजीत बिन्द, थाना म्योरपुर
08. हे0का0 सतीश कुमार सिंह, SOG सोनभद्र
09. का0 रितेश सिंह पटेल, SOG सोनभद्र
10. का0 जय प्रकाश सरोज, SOG सोनभद्र
11. का0 सत्यम पाण्डेय, SOG सोनभद्र
12. का0 अजीत कुमार, SOG सोनभद्र
13. का0 अजीत यादव, SOG सोनभद्र

**सोनभद्र पुलिस द्वारा जनपद में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में यह एक बड़ी सफलता है। ऐसे तत्वों के विरुद्ध आगे भी कठोर अभियान जारी रहेगा।**